उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 1285/UPSDM/2020–21/IT-MIS/BIOMATRIC/252

दिनांक :31 अगस्त, 2021

कार्यालय ज्ञाप

विषयः कोविड संक्रमण के कारण प्रभावित प्रशिक्षण सत्रों की समयावधि में विस्तार के सम्बन्ध में।

मिशन के पूर्व कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2359/यूपीएसडीएम/2019–20/1653 दिनांक 27.09.2019 द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण अवधि (घण्टों में गणनीय) में अपरिहार्य व स्वीकारोचित कारणों के फलस्वरूप निर्धारित समयावधि में 40: तक अतिरिक्त समयावधि को अनुमोदित करते हुए तद्नुसार प्रशिक्षण सत्र समाप्त होने की संभावित तिथि के पोर्टल पर स्वतः अंकित किये जाने की अनुमन्यता प्रशिक्षण प्रदाताओं को इस प्रतिबंध के साथ प्रदान की गयी थी कि विस्तारित अवधि मात्र प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु है तथा अतिरिक्तता के रूप में अंकित की गयी अवधि के सापेक्ष कोई भुगतान देय नहीं होगा।

2. वर्ष 2020–21 में जुलाई, 2021 तक कोविड संक्रमण के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के स्थगित रहने के कारण तत्समय संचालित प्रशिक्षण सत्रों की समयावधि में आनुपातिक वृद्धि की जा चुकी है परन्तु दीर्घ अवधि तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के स्थगित रहने के फलस्वरूप प्रशिक्षणार्थियों को पुनः मोबलाइज करने तथा प्रशिक्षण केन्द्रों पर आवश्यक अवस्थापनाओं को सुनिश्चित करने में लगने वाले संभावित समय को देखते हुए निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

   i- ऐसे प्रशिक्षण सत्र जिनके पूर्ण होने की तिथि दिनांक 31.08.2021 तक की अर्न्तावधि में निर्धारित थी, उनके सम्बन्ध में एक माह की विस्तारित समय–सीमा अनुमन्य करते हुए समस्त प्रभावित प्रशिक्षण सत्रों की पूर्णता की तिथि दिनांक 30.09.2021 मानी जाएगी।

   ii- वर्तमान में संचालित प्रशिक्षण सत्रों की दिनांक 31.08.2021 के पश्चात् जो भी पूर्णता की तिथि निर्धारित है, उनकी पूर्णता की संशोधित तिथि 30 दिन का समयावधि विस्तार सम्मिलित करते हुए आगणित की जाएगी।

3. उक्त समय–सीमा का विस्तार आपवादिक परिस्थितियों में किया जा रहा हैं तथा यह शिथिलता मात्र संदर्भित प्रकरणों में ही एक बार अनुमन्य होगी। विस्तारित समय सीमा के कारण प्रशिक्षण प्रदाताओं को कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

4. दिनांक 01.08.2021 के पश्चात् अनुमोदित किये जाने वाले प्रशिक्षण सत्र कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2359 / यूपीएसडीएम / 2019–20 / 1653 दिनांक 27.09.2019 के प्राविधानों के अनुसार ही संचालित किये जाएंगे।

31/8/21

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

संख्याः / UPSDM / 2020–21 / IT-MIS / BIOMATRIC / 252 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
2. प्रबंधक, आई.टी. उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
3. समस्त जिला समन्वयक एवं एमआईएस मैनेजर डी.पी.एम.यू., उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
5. कार्यालयादेश पंजिका।
6. गार्ड फाइल।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक